# ANGEL'S PUBLIC SCHOOL

Strive for Perfection

## SAMPLE PAPER

**PERIODIC TEST – I SESSION 2024 – 25**

**CLASS – X**

**TIME : 1.5 HRS SUBJECT : HINDI COURSE – B CODE – 085 M.M:40**

**निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए :**

- इस प्रश्नपत्र में **4** खंड हैं ।
- दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
- सभी प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं।

### खंड 'क'

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (5×1=5)**

अपनी सभ्यता का जब में अवलोकन करता हूँ, तब लोगों को काम के संबंध की उनकी विचारधारा के अनुसार उन्हें विभाजित करने लगता हूँ। एक वर्ग में वे लोग आते हैं, जो काम को उस घृणित आवश्यकता के रूप में देखते हैं, जिसकी उनके लिए उपयोगिता केवल धन अर्जित करना है। वे अनुभव करते हैं कि जब दिनभर का श्रम समाप्त हो जाता है, तब वे जीना सचमुच शुरू करते हैं और अपने आप में होते हैं। जब वे काम में लगे होते हैं, तब उनका मन भटकता रहता है। काम को वे उतना महत्त्व देने का कभी विचार नहीं करते, क्योंकि केवल आमदनी के लिए ही उन्हें काम की आवश्यकता है। दूसरे वर्ग के लोग अपने काम को आनंद और आत्मपरितोष पाने के एक सुयोग के रूप में देखते हैं। वे धन इसलिए कमाना चाहते हैं ताकि अपने काम में अधिक एकनिष्ठता के साथ समर्पित हो सकें। जिस काम में वे संलग्न होते हैं, उसकी पूजा करते हैं।

पहले वर्ग में केवल वे लोग ही नहीं आते हैं, जो बहुत कठिन और अरुचिकर काम करते हैं। उसमें बहुत-से सम्पन्न लोग भी सम्मिलित हैं, जो वास्तव में कोई काम नहीं करते हैं। ये सभी धन को ऐसा कुछ समझते हैं, जो उन्हें काम करने के अभिशाप से बचाता है। इसके सिवाय कि उनका भाग्य अच्छा रहा है, वे अन्यथा उन कारखानों के मज़दूरों की तरह ही हैं जो अपने दैनिक काम को जीवन का सबसे बड़ा अभिशाप समझते हैं। उनके लिए काम कोई घृणित वस्तु है और धन वांछनीय, क्योंकि काम से छुटकारा पाने के साधन का प्रतिनिधित्व यही धन करता है।

यदि काम को वे टाल सकें और फिर भी धन प्राप्त हो जाए, तो खुशी से यही करेंगे। जो लोग काम के अनुरक्त हैं तथा उसके प्रति समर्पित हैं, ऐसे कलाकार, विद्वान और वैज्ञानिक दूसरे वर्ग में सम्मिलित हैं। वस्तुओं को बनाने और खोजने में वे हमेशा दिलचस्पी रखते हैं। इसके अंतर्गत परंपरागत कारीगर भी आते हैं, जो किसी वस्तु को रूप देने में गर्व और आनंद का वास्तविक अनुभव करते हैं। अपनी मशीनों को ममत्वभरी सावधानी से चलाने और उनका रख-रखाव करने वाले कुशल मिस्त्री और इंजीनियर इसी वर्ग से संबंधित हैं।

**(i) पहले वर्ग के लोग काम को किस रूप में देखते हैं?**

(क) समाज सेवा के रूप में (ख) कर्त्तव्य भावना के रूप में

(ग) आनंद प्राप्ति के साधन के रूप में (घ) धन प्राप्ति के साधन के रूप में

**(ii) दूसरे वर्ग के लोग धन क्यों कमाना चाहते हैं**

(क) क्योंकि यही उनका एकमात्र उद्देश्य होता है (ख) क्योंकि धन से ही इच्छाओं की पूर्ति होती है

(ग) क्योंकि वे दिनभर की थकान मिटा सकें (घ) क्योंकि वे अपने काम से अधिक एकनिष्ठता के साथ समर्पित हो सकें

**(iii) काम करना किनके लिए घृणित है?**

(क) जो दैनिक जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं (ख) जो धन और काम को समान नहीं मानते हैं

(ग) जो काम की तुलना में धन को प्राथमिकता देते हैं (घ) जो धन की तुलना में काम को प्राथमिकता देते हैं

**(iv) दूसरे वर्ग के लोगों के विषय में कौन-सा कथन सही नहीं है?**

(क) वे काम में अनुरक्त रहते हैं (ख) वे काम के प्रति समर्पित होते हैं

(ग) वे वस्तुओं को रूप देने में आनंद का अनुभव करते हैं (घ) वे काम से छुटकारा पाना चाहते हैं

**(v) पहले वर्ग के लोगों के विषय में कौन-सा / कौन-से कथन सही हैं-**

i. जो काम को केवल धन अर्जित करने के रूप में देखते हैं

ii. जो काम को घृणित आवश्यकता के रूप में देखते हैं

iii. जो काम को आनंद के रूप में देखते हैं

iv.जो काम को अधिक महत्व नहीं देते

क) कथन i, ii व iii सही हैं ख) कथन ii सही है

ग) कथन ii, iii व iv सही हैं घ) कथन i, ii व iv सही है

**खंड 'ख'**

**2. निम्नलिखित प्रश्नों के निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :** **(3×1=3)**

क. अब दरवाजा खोला जा सकता है। – में रेखांकित पदबंध है

(i)संज्ञा पदबंध (ii) विशेषण पदबंध (iii) सर्वनाम पदबंध (iv) क्रिया पदबंध

ख.सचिन सबसे अधिक रन बनाने वाला खिलाड़ी है। – में रेखांकित पदबंध है

(i)संज्ञा पदबंध (ii) विशेषण पदबंध (iii) सर्वनाम पदबंध (iv) क्रिया पदबंध

ग. बढ़चढ़ कर बातें करने वाले तुम आज क्यों नहीं बोलते ? – में रेखांकित पदबंध है

(i)संज्ञा पदबंध (ii) विशेषण पदबंध (iii) सर्वनाम पदबंध (iv) क्रिया पदबंध

**3. निम्नलिखित मुहावरों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए –** **(3×1=3)**

(क) झूठे लोग समाज में __________ हैं।

(i)आंच ना आने देना (ii) आंखों से गिर (iii) आंखों का तारा (iv) आंखें भर जाना

(ख) आज के युग में वही सफल होता है जो _______________ ।

(i) ईद का चांद होना (ii) ईंट से ईंट बजाना (iii) इधर-उधर की हांकना (iv) ईट का जवाब पत्थर से देना

(ग) हमारे रहते तुम पर ___________ का किसी में साहस नहीं है।

(i) उंगली उठाना (ii) उल्टी गंगा बहाना (iii) उल्लू बनाना (iv) एक आंख से देखना

**खंड 'ग'**

**4. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए –** **(4×1=4)**

हरि आप हरो जन री भीर ।
द्रोपदी री लाज राखी, आप बढ़ायो चीर ।
भगत कारण रूप नरहरि, धर्यो आप सरीर ।
बूढ़तो गजराज राख्यो, काटी कुण्जर पीर ।
दासी मीराँ लाल गिरधर, हरो म्हारी भीर ॥

i. प्रस्तुत पद में मीराबाई किसकी अराधना कर रही हैं ?

(क) भगवान श्री राम की (ख) भगवान श्री कृष्ण की (ग) भगवान शिव जी की (घ) इनमें से कोई नहीं

ii. हरि आप हरो जन की भीर- पंक्ति का आशय है

(क) हे प्रभु! मेरी पीड़ा हरो (ख) हे प्रभु! आप सभी भक्तों के दुख दूर करो

(ग) हे प्रभु !केवल मेरी पीड़ा दूर करो (घ) सभी उत्तर सही हैं

iii. श्री कृष्ण वस्त्र बढ़ाकर किसकी लाज बचाई थी ?

(क) मीरा की (ख) सीता की (ग) द्रौपदी की (घ) कुंती की

iv. भक्त प्रहलाद की रक्षा हेतु भगवान श्री कृष्ण ने किसका अवतार लिया

(क) नरसिंह का (ख) मगरमच्छ का (ग) ऐरावत का (घ) ये सभी

**5. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनिए –** **(2×1=2)**

क. निंदक को कबीर ने क्या माना है?

(i) कपटी (ii) शत्रु (iii) हितैषी (iv) प्रेमी

ख. 'बड़े भाई साहब' कहानी में लेखक ने किस मनोभाव का विश्लेषण किया है ?

(i) वृद्ध जीवन की परेशानियों का (ii) स्त्री जीवन की समस्याओं का

(iii) बाल मनोविज्ञान का (iv) उपरोक्त सभी

**6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर दें –** **(4×1=4)**

भाई साहब उपदेश की कला में निपुण थे। ऐसी-ऐसी लगती बातें कहते, ऐसे-ऐसे सूक्ति- बाण चलाते कि मेरे जिगर के टुकड़े-टुकड़े हो जाते और हिम्मत टूट जाती। इस तरह जान तोड़कर मेहनत करने की शक्ति मैं अपने में न पाता था और उस निराशा में जरा देर के लिए मैं सोचने लगता-'क्यों न घर चला जाऊँ। जो काम मेरे बूते के बाहर है, उसमें हाथ डालकर क्यों अपनी जिंदगी खराब करूँ।' मुझे अपना मूर्ख रहना मंजूर था, लेकिन उतनी मेहनत से मुझे तो चक्कर आ जाता था, लेकिन घंटे-दो घंटे के बाद निराशा के बादल फट जाते और मैं इरादा करता कि आगे से खूब जी लगाकर पढ़ूँगा। चटपट एक टाइम-टेबिल बना डालता।

i. भाई साहब किस कला में निपुण थे ?

(क) चित्रकला में (ख) संगीतकला में (ग) उपदेश कला में (घ) नृत्य कला में

ii. लेखक की हिम्मत क्यों टूट जाती थी ?

(क) खेलकूद करने से (ख) असफल होने पर

(ग) पढ़ाई में रुचि होने के कारण (घ) कटु और तीक्ष्ण उपदेश रूपी व्यंग बाण सुनकर

iii. निराश होने पर लेखक क्या सोचने लगता ?

(क) घर जाने के बारे में (ख) स्कूल जाने के बारे में (ग) पढ़ने के बारे में (घ) कोई भी नहीं

iv. घंटे दो घंटे बीत जाने के बाद लेखक क्या करता ?

(क) निराशा से बाहर होता है (ख) जी लगाकर पढ़ता

(ग) एक टाइम टेबल बनाता (घ) घर चला जाता है

**7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें –** **(2×3=6)**

क. बड़े भाई साहब कॉपी और किताबों के हाशिए पर चित्र क्यों बनाया करते थे ?

ख. कबीर की भाषा-शैली की विशेषताएं बताएं।

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दें –** **(2×3=6)**

क. महंत ने हरिहर काका को दुविधा के बारे में क्या बताया?

ख. हरिहर काका के भाइयों का व्यवहार उनके प्रति प्रेममय कब हो जाएगा अपने विचार प्रकट कीजिए।

## खंड घ

**9.** नवनिर्मित होटल के लिए विज्ञापन तैयार कीजिए। **(3)**

**10.** आप सूरज कॉलोनी करनाल के सचिव हैं ।वाटर सप्लाई बोर्ड में कर्मचारियों की हड़ताल के कारण आज पानी की सप्लाई नहीं होगी ।इसकी सूचना कॉलोनी की सूचना पट पर लगाने के लिए सूचना तैयार कीजिए। **(4)**